भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 868

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

आंध्र प्रदेश में आंगनवाड़ी भवन

868. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि :-

(क) क्या यह सच है कि 2023 में 75% आंगनवाड़ियों का निर्माण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना(एमजीएनआरईजीएस) श्रमिकों द्वारा किया जाना था;

(ख) आंध्र प्रदेश में जिन आंगनवाड़ियों के पास स्थायी भवन नहीं हैं, तो विशेष रूप से नेल्लोर के संदर्भ में उनका जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले वर्ष आंध्र प्रदेश में जिला-वार कितने आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण किया गया था तथा वर्ष 2024-25 के लिए इनके निर्माण का लक्ष्य क्या है?

(घ) पिछले वर्ष आंध्र प्रदेश में निर्मित आंगनवाड़ी भवनों की जिला-वार संख्या कितनी है तथा वर्ष 2024-25 के लिए इनके निर्माण का लक्ष्य क्या है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख): मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत पांच वर्षों की अवधि में प्रति वर्ष 10000 आंगनवाड़ी केन्द्र की दर से 50,000 आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण का प्रावधान है। मनरेगा के साथ अभिसरण से आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए लागत मानदंडों को 7 लाख रु. प्रति आंगनवाड़ी केंद्र से बढाकर 12 लाख रु. प्रति आंगनवाड़ी केंद्र कर दिया गया है, जिसमें प्रति आंगनवाड़ी केन्द्र मनरेगा के अंतर्गत 8.00 लाख रु., 15वें वित्त आयोग (अथवा किसी अन्य अबद्ध निधियों) के अंतर्गत 2.00 लाख रु. तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2.00 लाख रु.

प्रदान किए जाते हैं जिसे निर्धारित लागत भागीदारी अनुपात में केन्द्र और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा वहन किया जाएगा ।

(ग) और (घ) : आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आन्ध्र प्रदेश में 23,149 आंगनवाड़ी केन्द्रों के स्थायी भवन नहीं हैं। जिला-वार सूचना **अनुलग्नक-I** में दी गई है। वर्ष 2023-24 के दौरान 360 आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण पूरा हुआ। विवरण **अनुलग्नक-II** में दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमान) के तहत मंत्रालय ने 2023-24 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को 170 आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की मंजूरी दी है।

सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है तथा इस योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के दायरे में आता है। भारत सरकार इस योजना और इसके घटकों की निरंतर निगरानी और समीक्षा करती है। यह योजना राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कार्यान्वित की जाती है। केन्द्र सरकार केवल नीति और योजना के लिए उत्तरदायी है तथा राज्य सरकारें दिन-प्रतिदिन के कार्यक्रम कार्यान्वयन और योजना के सभी प्रचालनात्मक पहलुओं के लिए उत्तरदायी हैं।

*****

अनुलग्नक-I

श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा "आंध्र प्रदेश में आंगनवाड़ी भवन" के संबंध में दिनांक 26.07.2024 को लोक सभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 868 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

किराए के भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों की जिला-वार जानकारी

क्र.सं.	जिले के नाम	प्रचालन/कार्यशील आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या	किराए के परिसर में कार्यशील आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या
1	श्रीकाकुलम	3358	1347
2	मन्याम	2064	1203
3	विजयानगरम	2499	1234
4	अल्लूरी सीताराम राजू	3214	1536
5	अनकापल्ली	1908	620
6	विशाखापत्तनम	776	220
7	डॉ.बी.आर.अंबेडकर कोनासीमा	1726	831
8	काकीनाडा	1986	1074
9	पूर्वी गोदावरी	1556	632
10	पश्चिम गोदावरी	1626	629
11	एलुरु	2225	849
12	कृष्णा	1707	454
13	एनटीआर	1475	652
14	गुंटूर	1480	816
15	पालनाडु	2031	1054
16	बापतला	1888	807
17	प्रकासम	2903	1151
18	एसपीएसआर नेल्लोर	2934	1162
19	तिरुपति	2492	640
20	चित्तूर	2420	613
21	अन्नमय्या	2275	804
22	वाईएसआर	2389	936
23	कुरनूल	1886	908
24	नांदयाल	1663	804
25	अनंथापुरामु	2302	928
26	श्री सत्य साईं	2824	1245
कुल योग		**55607**	**23149**

अनुलग्नक-II

श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा "आंध्र प्रदेश में आंगनवाड़ी भवन" के संबंध में दिनांक 26.07.2024 को लोक सभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 868 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्ण किए गए आंगनवाड़ी केंद्र

क्र.सं.	नए जिले का नाम	पूर्ण हो चुके आंगनवाड़ी केंद्र	
		आरआईडीएफ-23	आरआईडीएफ-24
1	श्रीकाकुलम	4	10
2	मन्याम	2	2
3	विजयनगरम	4	7
4	अल्लूरी सीताराम राजू	1	0
5	विशाखापट्टनम	2	0
6	अनकापल्ली	3	12
7	कोनासीमा	1	6
8	काकीनाडा	4	5
9	पूर्वी गोदावरी	5	17
10	पश्चिम गोदावरी	6	20
11	एलुरु	10	8
12	कृष्णा	0	13
13	एनटीआर	2	6
14	गुंटूर	0	3
15	पालनाडु	4	22
16	बापतला	2	5
17	प्रकासम	9	20
18	एसपीएस नेल्लोर	12	21
19	तिरुपति	3	5
20	चित्तूर	5	12
21	अन्नमय्या	1	4
22	वाईएसआर कडपा	10	23
23	कुरनूल	0	11
24	नांदयाल	3	13
25	अनंतपुरम	0	13
26	श्री सत्यसाईं	7	2
	कुल	**100**	**260**

*****